हिमाचल में छल कपट, बेईमानी व ईमानदारी के बीच मुकाबला: सुक्खू

विक्रमादित्य सिंह ने मंडी लोकसभा सीट से नामांकन भरने के बाद जनसभा को किया संबोधित

➡ 2022 के विधानसभा चुनावों में जयराम ठाकुर ने प्रदेश में रिवाज बदलने का नारा दिया था तो लोगों ने उन्हें ही बदल डाला: मुख्यमंत्री



गौरी दास

शिमला/मंडी (जगमार्ग न्यूज)। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश के चार लोकसभा व छह विधानसभा उप चुनाव छल कपट, बेईमानी व ईमानदारी के बीच का मुकाबला है और इसमें ईमानदारी की जीत होगी।

उन्होंने कहा कि मंडी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी ने एक युवा, अनुभवी हीरों विक्रमादित्य सिंह को चुनाव मैदान में उतारा है जबकि भाजपा ने यहां फिल्मी दुनिया से एक अदाकारा को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि यह अदाकारा एक महीने के लिए यहां आई है जो यहां विभिन्न क्षेत्रों में जाकर उनकी भेषभूषा पहन कर फिल्मी शूटिंग कर रही है। उन्होंने कहा कि इसके डारेक्टर जयराम ठाकुर है जो उनके लिये संवाद लिखते है। उन्होंने कहा कि जयराम सरकार में भी फ्लॉप रहें है और कंगना के साथ भी फ्लॉप हो रहें है। मंडी के सेरी मंच में विक्रमादित्य सिंह के नामांकन दाखिल करने के अवसर पर भारी जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि 2022 के विधानसभा चुनावों में जयराम ठाकुर ने प्रदेश में रिवाज बदलने का नारा दिया था तो लोगों ने उन्हें ही बदल डाला।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने भाजपा के सभी चोर दरवाजों को बंद कर प्रदेश की आर्थिकी को सुधारा है। उन्होंने कहा कि पूर्व भाजपा सरकार ने प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अस्त व्यस्त कर जो लूट मचाई उसका सारा कच्चा चिट्ठा सरकार ने प्रदेश के सामने रख दिया है। 70 हजार करोड़ से अधिक का ऋण व 10 हजार करोड़ से अधिक की देनदारियां कांग्रेस सरकार को विरासत में मिली। बाबजूद इसके उनकी सरकार ने कर्मचारियों से किया अपना वादा ओल्ड पेंशन बहाल की और महिलाओं को 1500 रुपये की गारंटी भी। उन्होंने कहा कि भाजपा कर्मचारी विरोधी व महिला विरोधी है । भाजपा केंद्र से प्रदेश सरकार के कर्मचारियों का 9 हजार करोड़ का अंशदान रकवा रही है और महिलाओं को 1500 रुपए की सम्मान राशि को रोकने के भी प्रयास कर रही है। इससे पूर्व उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि विक्रमादित्य सिंह किसी परिचय के मोहताज नहीं है। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र से उनके पिता स्व.वीरभद्र सिंह ने तीन बार व उनकी माता प्रतिभा सिंह ने भी तीन बार ही सांसद के तौर पर प्रतिनिधित्व किया। उन्होंने कहा कि इस बार उनके पुत्र प्रदेश में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह चुनाव मैदान में है। उन्होंने कहा कि एक तरफ विक्रमादित्य सिंह तो दूसरी तरफ एक अभिनेत्री जो पहली बार राजनीति में अपनी किस्मत आजमा रही है चुनाव मैदान में है। उन्होंने कहा कि आज उमड़ी भीड़ से साबित हो गया है कि विक्रमादित्य सिंह यह चुनाव जीत गए है। इससे पूर्व अखिल भारतीय कांग्रेस कार्यसमिति के सदस्य, सांसद एवं प्रदेश मामलों के प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि आज के जन सैलाब ने साबित कर दिया है कि विक्रमादित्य सिंह यह चुनाव जीत गए है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से एकजुट होकर घर घर जाकर विक्रमादित्य सिंह को वोट मांगने का आह्वान करते हुए कहा कि उन्हें 1 जून मतदान तक आराम से नही बैठना है। विक्रमादित्य सिंह को रिकार्ड तोड़ वोट मिलने चाहिए। दास इस अवसर पर हिमाचल प्रदेश के कांग्रेस प्रभारी राजीव शुक्ला, कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह, कांगड़ा लोकसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी आनंद शर्मा, मंडी लोकसभा सीट से कांग्रेस पार्टी के प्रत्याशी विक्रमादित्य सिंह, मंत्री, विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

'आपदा प्रभावित लोगों की हर संभव मदद की'

जनसभा को सम्बोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि वह नेता या अभिनेता नही है वह जनसेवक है। उन्होंने कहा कि आपदा के समय उन्होंने इस क्षेत्र के आपदा प्रभावित लोगों की हर संभव मदद की। उन्होंने कहा कि न तो भाजपा ने इस दौरान लोगों की कोई मदद की और न ही उनकी चुनाव लड़ रही प्रत्याशी। विक्रमादित्य सिंह ने यहां उपस्थिति सभी लोगों का उनके इस समर्थन के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मण्डी संसदीय क्षेत्र को आदर्श सांसद क्षेत्र बनाना ही उनका प्रमुख लक्ष्य है और इसी लक्ष्य को वह आगे रख कर चल रहे है। उन्होंने कहा कि जो प्यार सम्मान उन्हें व उनके परिवार को प्रदेश के लोगों से मिला है उसका ऋण वह कभी भी नही चुका सकते।

'जीत उनकी नही मंडी संसदीय क्षेत्र के लोगों की होगी'

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने अपने सम्बोधन में उपस्थित जनसमूह का यहां आने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी आलाकमान ने इस बार उनकी जगह एक युवा व अनुभवी नेता को चुनाव मैदान में उतारा है। उन्होंने कहा कि यह चुनाव विक्रमादित्य सिंह नही मण्डी लोकसभा क्षेत्र के लोग चुनाव लड़ रहे है और यह जीत उनकी नही मण्डी संसदीय क्षेत्र के लोगों की होगी।

केंद्र सरकार ने हिमाचल के 50 हजार करोड़ नहीं दिए जो कि जनता का हक बनता: मुकेश

जगमार्ग न्यूज

मंडी। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय नेता अब हिमाचल में वोट मांगने आ रहे हैं, लेकिन वोट मांगने से पहले वह केंद्र सरकार हिमाचल के साथ किए गए सलूक का जबाब दें। उन्होंने कहा कि 15 महीनों में केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश के 50 हजार करोड़ रुपए नहीं दिए, जो कि हिमाचल की जनता का हक बनता था। मंडी में पत्रकारों को संबोधित करते हुए मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यूं तो हिमाचल और मंडी से अपना रिश्ता जोड़ते हैं, मगर हिमाचल में आई प्राकृतिक आपदा के समय ने तो मोदी आए और न ही योगी। यही नहीं हिमाचल सरकार की ओर से आपदा के बाद पोस्ट डिजास्टर नीड असेस्मेंट के रूप में हिमाचल को 9000 करोड़ रूपए मिलने थे, लेकिन यह राशि केंद्र सरकार ने आज तक नहीं दी। इसके बाद आपदा सरकार ने 10 हजार करोड़ रुपये के नुकसान का मुआबजा केंद्र से मांगा, लेकिन यह राशि भी हमें नहीं दी।

कांग्रेस ने जब नेता प्रतिपक्ष और भाजपा के तीनों सांसदों से सरकार के साथ चल कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से इस पैसे की मांग करने का आग्रह किया तो भी भाजपा के नेता साथ नहीं चले। इस अवसर पर कांग्रेस के प्रदेश सह प्रभारी संजय दत्त, कौल सिंह ठाकुर, सोहन लाल ठाकुर, महेश्वर चौहान, चेतराम ठाकुर और चंपा ठाकुर मौजूद रहे। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भाजपा प्रत्याशी कंगना अन गाइडेड मिसाइल है। वह कहीं भी चल सकती हैं। उन्हें यहां के मुददों और इतिहास की जानकारी नहीं है।

राज्यपाल ने तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का किया शुभारंभ

रीना ठाकुर

➡ कहा, वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय संस्कृति को वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप समझने की आवश्यकता

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में भारतीय संस्कृति को वर्तमान परिस्थिति के अनुरूप समझने की आवश्यकता है और भारत को विश्व की अग्रणी पंक्ति में लाने के लिए हमें अपनी गौरवशाली संस्कृति पर गर्व करना होगा। राज्यपाल महर्षि दयानंद सरस्वती की 200वीं जयंती के अवसर पर भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान, शिमला द्वारा आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार के शुभारम्भ अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद एक युग प्रवर्तक महापुरूष थे जिन्होंने समग्र क्रांति का सूत्रपात कर 'वेदों की ओर लौट चलो' का नारा दिया। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने वैदिक संस्कृति, धर्म और दर्शन की रक्षा के लिए वैदिक संदेश का प्रचार किया और वैदिक धर्म में आई विकृतियों को दूर करने के लिए ठोस प्रयास किए। उन्होंने समाज सुधार की दिशा में अनेक कार्य किये, जिनमें जाति प्रथा और अस्पृश्यता को दूर कर दलितों के उत्थान का कार्य, बाल विवाह और सती प्रथा का विरोध और विधवा पुनर्विवाह का समर्थन आदि शामिल थे। उन्होंने कहा कि लोकप्रिय भाषा में वेदों का अनुवाद करवाने का श्रेय स्वामी दयानंद को जाता है।

राज्यपाल ने कहा कि उन्होंने गुरुकुल शिक्षा प्रणाली को पुनर्जीवित किया और परिणामस्वरूप आज पूरे देश में हजारों गुरुकुल चलाए जा रहे हैं, जहां से शिक्षा ग्रहण करने के उपरांत छात्रों ने दुनिया भर में वैदिक संस्कृति की रक्षा की है। उन्होंने कहा कि महर्षि दयानंद ने नारी जागृति का उद्घोष किया तथा उनकी शिक्षा के लिए अथक प्रयास किए जिसके फलस्वरूप अनेक कन्या गुरुकुल एवं महिला महाविद्यालयों की स्थापना हुई। उन्होंने कहा कि स्वामी जी ने वैदिक संस्कृति की रक्षा के लिए अनेक प्रयास किए। उन्होंने कहा कि संस्कार विधि, गोकरुणानिधि और सत्यार्थप्रकाश सहित उनकी लिखी कई पुस्तकें समाज को दिशा देने में मददगार साबित हुई हैं।

इससे पहले, आईआईएएस की शासी निकाय की अध्यक्ष प्रो. शशि प्रभा कुमार ने राज्यपाल का स्वागत किया और सेमिनार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने स्वामी दयानंद सरस्वती के लेखन कार्यों विशेषकर संस्कृति एवं स्थानीय भाषाओं के प्रचार-प्रसार पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बालिका शिक्षा में उनके योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके योगदान का ही परिणाम है कि आज महिलाएं विभिन्न क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। निदेशक आईआईएएस प्रोफेसर नागेश्वर राव और कुलपति, इग्नू ने नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से सम्बोधित किया।

आईआईएएस के उपाध्यक्ष प्रोफेसर शैलेन्द्र राज मेहता ने कहा कि महर्षि के कार्यों को विस्तृत रूप से जानने के लिए उनके युग का आकलन करना जरूरी है। 1875 में स्वामी दयानंद ने भारतीय परंपराओं के प्रति अंग्रेजों द्वारा दिए विचारों के खिलाफ विरोध की आवाज उठाई थी। आईआईएएस के सचिव मेहर चंद नेगी ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव राजेश शर्मा, विशिष्ट अतिथि पंडिता इंद्राणी रामप्रसाद, शिक्षाविद् और अन्य गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित थे।

चुनाव जीत कर प्रदेश की एक बहुत ही मजबूत युवा आवाज बनेगी: प्रतिभा

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिभा सिंह ने पार्टी कार्यकर्ताओं से विक्रमादित्य सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए एकजुट होकर चुनाव प्रचार में डटने को कहा है। उन्होंने कहा है कि आने वाले 21 दिनों तक उन्हें दिन रात लोगों के बीच रहकर उन्हें विक्रमादित्य सिंह के पक्ष में भारी मतदान के लिए प्रेरित करना होगा। वीरवार सुबह मण्डी में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ एक बैठक में प्रतिभा सिंह ने कहा कि जिसे जो भी जिम्मेदारी दी गई है उसे वह पूरी निष्ठा व ईमानदारी से निभाना होगा। उन्होंने कहा कि चुनाव जीतने के लिये भाजपा किसी भी हतकंडे को अपना सकती है इसलिए इस पर उन्हें अपनी कड़ी नजर रखनी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस देश मे अन्याय के खिलाया न्याय की लड़ाई लड़ रही है। देश मे संविधान को बचाने की राहुल गांधी की इस लड़ाई में सभी को उनका साथ देना है। उन्होंने कहा कि विक्रमादित्य सिंह मण्डी लोकसभा से चुनाव जीत कर प्रदेश की एक बहुत ही मजबूत युवा आवाज बनेगी।

लोकसभा चुनाव में 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी भाजपा: रोहित ठाकुर

जगमार्ग न्यूज

शिमला। लोकसभा चुनाव के लिए अब तक हुए तीन चरणों के चुनाव में भाजपा की हवा निकल गई है। भाजपा इस बार 200 का आंकड़ा भी नहीं छू पाएगी। यह बात शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से रूबरू होते हुए कही। उन्होंने कहा कि भाजपा जुमलों की सरकार है जो बड़े- बड़े वायदे करती है लेकिन जमीन पर ध्रुवीकरण की राजनीति कर सत्ता हथियाना चाहते हैं। इस बाद देश मे बड़ा बदलाव होने वाला है जहां भाजपा 2004 की तरह इंडिया शाइनिंग की तरह धराशाही होने वाली है। 4 जून को भाजपा को बड़ा सदमा बड़ी हार के साथ लगने वाला है। रोहित ठाकुर ने कहा कि भाजपा 2014 में किए गए वायदों की बात दस साल तक सत्ता में रहने के बाद भी नहीं करती है। पीएम मोदी से लेकर भाजपा के शीर्ष नेता सिर्फ ध्रुवीकरण की बात करते हैं भाजपा न तो आज बेरोजगारी, महंगाई और किसानों- बागवानों की बात करते हैं न महिलाओं की सुरक्षा की बात। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने 2014 में देश के युवाओं को प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरी देने की बात कही थी लेकिन आज देश ने बेरोजगारी की दर में 45 साल का रिकॉर्ड तोड़ दिया है। देश विश्व में बेरोजगारी की दर में सबसे टॉप पर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि देश का युवा आज पकौड़े तलने पर मजबूर है देश मे महिलाओं के साथ अत्याचार हो रहा है। महंगाई सातवें आसमान पर है और किसान- बागवान आत्महत्या करने को मजबूर है।

धर्मशाला में भिड़ेंगी पंजाब किंग्स और बेंगलुरु की टीमें

धर्मशाला (जगमार्ग न्यूज)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम धर्मशाला में वीरवार को आईपीएल सीजन-17 का 58वां और धर्मशाला में 13वां मैच खेला जाएगा। सैम करन की कप्तानी में पंजाब किंग्स और फाफ डुप्लेसी की अगवाई में रॉयल चौलेंजर बेंगलुरु की टीम मैदान में उतरेंगी। इस मैच के लिए हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन प्रबंधन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। करीब 22 हजार दर्शकों की क्षमता वाले क्रिकेट स्टेडियम के लगभग सभी स्टैंडों की टिकटें बिक चुकी हैं। एसपीसीए धर्मशाला में 13वें आईपीएल मैच की मेजबानी करेगा, जबकि इस आईपीएल सीजन का यह 58वां मैच होगा। यह मैच पंजाब किंग्स और आरसीबी के लिए अंक तालिका में ऊपर आने के लिए महत्वपूर्ण होगा। दोनों ही टीमें धर्मशाला में होने वाले इस मैच में जीत दर्ज करवाना चाहेंगी। वहीं, पंजाब चेन्नई से मिली हार के बाद धर्मशाला में जीत का खाता खेलने की फिराक में रहेगी। आईपीएल मैच के लिए शाम 7.00 बजे टॉस होगा, जबकि 7.30 बजे मैच शुरू हो जाएगा। क्रिकेट स्टेडियम में मैच देखने आने वाले दर्शकों के लिए स्टेडियम के द्वार दोपहर 4.00 बजे तक खोल दिए जाएंगे। मैच में सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन के लिए 1300 के करीब पुलिस और होमगार्ड के जवान तैनात रहेंगे।

पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा ने निर्दलीय चुनाव लड़ने का किया ऐलान

उदयपुर (जगमार्ग न्यूज)। कांग्रेस ने युवा प्रत्याशी अनुराधा राणा और भाजपा ने रवि ठाकुर को चुनावी रणभूमि में उतारा है। इस बीच बुधवार को पूर्व मंत्री डॉ. रामलाल मारकंडा ने भी निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने उदयपुर में अपने समर्थकों के साथ बैठक करने के बाद यह घोषणा की है। मारकंडा के निर्दलीय चुनाव लड़ने के फैसले से अब यहां मुकाबला तिकोना और दिलचस्प हो गया है। लाहौल-स्पीति विस क्षेत्र में करीब 25,000 मतदाता हैं। डॉ. मारकंडा ने कहा कि पहले भाजपा ने उन्हें धोखा दिया है। उनकी ओर से सींची भाजपा ने दूसरे दल के आए नेता को उम्मीदवार बना दिया। मारकंडा ने कहा कि अब वह समर्थकों के कहने पर चुनाव लड़ने जा रहे हैं और 13 मई को केलांग में नामांकन भरेंगे। रामलाल मारकंडा ने कहा कि मैं स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि लगभग डेढ़ महीने मेरे साथ जो राजनीति दोनों पार्टियों ने की, भारतीय जनता पार्टी ने ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया। मुझे इस बार खेद से कहना पड़ रहा है। हमने भारतीय जनता पार्टी को हमारे कार्यकर्ता इकट्ठे हुए। भाजपा को हमने खून पसीने से सींचा है मुझे दर किनार किया और मुझे ये भी कहा कि आप पार्टी द्वारा पार्टी के आला नेता मेरे घर में पहुंचे। रामलाल मारकंडा रुकिए, हम पार्टी का टिकट रिव्यू कर रहे हैं। आपको टिकट देने वाले हैं और अन्तोगत्वा मुझे जवाब मिला कि हम टिकट बदल नहीं पा रहे हैं। उसी बीच में हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू से मेरा संपर्क हुआ। उन्होंने अपने टिकट देने की बात कही और चार तारीख तक मुझे कहा गया मुझे कहा जाता कहते रहे कि आपको दिल्ली जाना पड़ेगा और ज्वाइन करना पड़ेगा। शिमला ज्वाइन करना पड़ेगा। आपको टिकट देने वाले हैं और पांच तारीख को मेरा टिकट कटा। कांग्रेस पार्टी से मिले डेढ़ महीने का समय मैंने जाया किया। मेरा कोई मन नहीं था कि मैं चुनाव लडूंगा। जब पिछले कल मैं लाहौल पहुंचा, यहां के लाहौल के हमारे जनमानस, तुम्हारे मेरे दोस्त, मेरे कार्यकर्ता जो थाने से लेकर मेरे साथ रहे हैं, सभी ने फैसला किया कि आपको चुनाव लड़ना ही पड़ेगा। तत्काल मैंने फैसला ले लिया।

स्वयं सहायता समूह भी जुड़ेंगे टीबी मुक्त भारत अभियान से

धर्मशाला (जगमार्ग न्यूज)। टीबी मुक्त हिमाचल अभियान के तहत एक कार्यशाला का आयोजन जोनल हॉस्पिटल धर्मशाला के सभागार मे किया गया। बैठक की अध्यक्षता स्वास्थ्य निदेशक हिमाचल प्रदेश, डॉ गोपाल बेरी ने की। कार्यशाला की शुरुआत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर राजेश गुलेरी ने डॉ अशोक भारद्वाज नेशनल टास्क फोर्स चेयरपर्सन, डॉ गोपाल वेरी निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं को हिमाचली टोपी व खतक पहनाकर सम्मानित किया। डॉक्टर गोपाल बेरी निदेशक स्वास्थ्य सेवाएं ने बताया कि क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम में समाज के हर वर्ग की सक्रिय भागीदारी की आवश्यकता है। डॉ. अशोक भारद्वाज नेशनल टास्क फोर्स ,अध्यक्ष ने चर्चा में हिस्सा लेते हुए कहा कि भारत सरकार ने साल 2025 तक भारत को टीबी मुक्त राष्ट बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की पहल पर जिला कांगड़ा में 'निक्षय मित्र' कार्यक्रम के जरिए टीबी को खत्म करने का जनभागीदरी अभियान चलाया जा रहा है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ राजेश सूद ने बताया कि जिला कांगड़ा में क्षय रोग (टीबी) को हराने के लिए टीबी चैंपियन बनाए गए है। टीबी चैंपियन ऐसे लोग हैं, जिन्होंने स्वयं टीबी रोग को मात दी है। सभागार में उपस्थित टीवी चैंपियन अंचिता ने अपने अनुभव प्रतिभागियों से साथ साझा किये। डॉ. आर.के सूद ने यह जानकारी भी दी कि हिमाचल प्रदेश में अब टीबी रोग को खत्म करने के लिए टीबी उन्मूलन कार्यक्रम को जीपीडीपी (ग्राम पंचायत विकास योजना) के साथ जोड़ा गया है। सभागार में उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने अपने विचार सांझा किया और सब ने शपथ ली कि वह टीवी मुक्त समाज बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेंगे। बैठक में डॉ तरुण सूद प्रोग्राम ऑफिसर, डॉ वंदना प्रोग्राम ऑफिसर, राजेंद्र कुमार फाइनेंस ऑफिसर, खंड विकास अधिकारी कार्यालय में कार्यरत एस.ई.बी.पीओ और एल.एस.ई.ओ, टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में कार्यरत सीनियर ट्रीटमेंट सुपरवाइजर , बी.सी.सी. कोऑर्डिनेटर जिला कांगड़ा, स्वास्थ्य विभाग में कार्यरत हेल्थ एजुकेटर व जिला क्षय रोग केंद्र से विशाल शर्मा, संजीव कुमार, सुबेश कुमार, पिंकी थापा, पूजा मेहरा ने भाग लिया।

समस्या बद्दी में बिगड़ती कानून व्यवस्था व बेलगाम ट्रैफिक को लेकर संस्थाओं ने जताई नाराजगी

महिलाओं को अपमानित करने व गुंडागर्दी पर लगे रोक: शर्मा

ऋषि ठाकुर

➡ सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने एस.पी से मिलकर बताई परेशानी

बददी (जगमार्ग न्यूज)। बद्दी में बिगड़ती कानून व्यवस्था, बेलगाम ट्रैफिक तथा महिलाओं के प्रति बढ़ते अपराधों व अन्य मुददों को लेकर बद्दी की संस्थाएं एस.पी बद्दी से मिली। प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता फेस तीन के अध्यक्ष सुरेश शर्मा ने की वहीं लघु उद्योग संघ हिमाचल के प्रांतीय चेयरमैन विचित्र सिंह पटियाल ने विशेष तौर पर शिरकत की।

हरिओम योगा सोसाईटी के अध्यक्ष डॉ. श्रीकांत शर्मा व रोड सेफटी क्लब बद्दी के अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार शर्मा ने एस.पी इल्मा अफरोज को हाऊसिंग बोर्ड फेस 3 में टोरैन्ट पार्क में कुछ अवैध तत्वों द्वारा महिलाओं को अपमानित करने और गुंडागर्दी करने पर ध्यान आकृष्ट किया गया और उस लगाम लगाने का आग्रह किया। दशहरा ग्राउंड में होने वाले वैवाहिक और सांस्कृतिक कार्यक्रमों को रात्रि 10 बजे के बाद सांउड पोल्यूशन फ्री करने के निर्देश दिए जाएं क्योंकि यहां पूरा साल विवाहों के चक्कर में 5000 घरों में बच्चों की पढ़ाई में बाधा पड़ती है। 10 बजे के बाद डीजे बजाना सुप्रीम कोर्ट के आदेशों की उल्लंघना है।

ठाकुर विचित्र सिंह पटियाल ने कहा कि शहर में हर कोने में जाम नजर आता है और इस मुददे का प्रर्याप्त हल होना चाहिए। सुरेश शर्मा ने एनआरआई चौंक से अमरावती जाने वाले हाऊसिंग बोर्ड फेस 3 के मेन रोड पर इन्डस्ट्री की बड़ी बसों, ट्रकों और ट्रालों और व्यवसायिक वाहनों पर चलने पर प्रतिबंध लगाने का मुददा उठाया। लेबर चौंक से बिलांवाली और हाऊसिंग बोर्ड फेस 3 को जाने वाले रास्ते पर लो बीम बैरियर लगाने की बात दोहराई गई।हरबंस राणा ने कहा कि हाउसिंग बोर्ड फेस 3 में बन रहे कम्युनिटी सैन्टर पर से अवैध कब्जे से मुक्त करवाया जाए।

गौशाला कमेटी शीतलपुर के प्रधान हाऊसिंग बोर्ड और प्राइवेट कालोनीयों के बाहर हो रहे फोन स्नैचिंग और चेन स्नैचिंग पर प्रतिबंध लगाने बारे बात रखी वहीं दुकानों के आगे बनी नालीयों को अवैध कब्जों से मुक्त करवाया जाए। शहर में पार्किंग व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त करने के लिए नगर परिषद को पार्किंग स्थलो को बनाने के लिए प्रयास करें जिसमें पुलिस व प्रशासन पूरी तरह नाकाम रहा है। शहर और विशेषकर हाऊसिंग बोर्ड और इन्डस्ट्रियल एरिया को रेहड़ी फड़ी मुक्त करवाया जाए और रेहड़ी फड़ी वालों को सब्जी मंडी के साथ या शहर के किसी छोर पर स्थान दिया जाए। बैठक में श्रीदुर्गा माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष एवं मनोनीत पार्षद कुलदीप सिंह, लघु उद्योग संघ के चेयरमैन और वरिष्ठ उद्योगपति ठाकुर विचित्र सिंह पटियाल, रोड सेफ्टी क्लब के अध्यक्ष सुरेन्द्र शर्मा, मलपुर निवासी लवली ठाकुर, गौशाला शीतलपुर के मुखिया चिन्तन चौधरी और मजदूर संगठन इंटक के प्रांतीय महामंत्री हरबंस राणा भी बैठक में मौजूद रहे।

न्यूज डायरी

हिमाचल में संसदीय व विधानसभा क्षेत्रों के लिए तीसरे दिन 12 नामांकन दाखिल

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश में निर्वाचन विभाग के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि नामांकन के तीसरे दिन आज मण्डी संसदीय क्षेत्र से विक्रमादित्य सिंह (34) सुपुत्र वीरभद्र सिंह, पदम पैलेस, रामपुर बुशैहर, डाकघर एवं तहसील रामपुर, जिला शिमला ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस प्रत्याशी तथा सुन्दर सिंह ठाकुर (59) सुपुत्र जोग ध्यान ठाकुर, गांव तेगुबेहड़, डाकघर खोखन, तहसील भुन्तर, जिला कुल्लू ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस के कवरिंग प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। संसदीय क्षेत्र कांगड़ा से आनन्द शर्मा (71) सुपुत्र पी.ए. शर्मा, प्रभात लौज, लोअर कैलसटन, तहसील शिमला (शहरी), जिला शिमला ने इण्डियन नेशनल कांग्रेस के प्रत्याशी तथा नारायण सिंह डोगरा (64) सुपुत्र तुलसी राम डोगरा, वार्ड-13 पंतेहड़, डाकघर पट्टी, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा ने हिमाचल जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। शिमला संसदीय क्षेत्र से सुरेश कुमार (52) सुपुत्र अमर सिंह, 163/11 मोहल्ला रामदासिया, नाहन, जिला सिरमौर ने राष्ट्रीय देव भूमि पार्टी से नामांकन दाखिल किया।हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से हेम राज (62) सुपुत्र रोशन लाल, गांव व डाकघर घरवासड़ा, तहसील धर्मपुर, जिला मण्डी ने बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी और रत्न चन्द कटोच (65) सुपुत्र खलेलु राम, गांव, डाकघर व तहसील बड़सर, जिला हमीरुपर ने बहुजन समाज पार्टी के कवरिंग प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। इसी प्रकार गोपी चन्द (69) सुपुत्र हरि सिंह, गांव व डाकघर भटेर, तहसील बमसन (टौणी देवी) जिला हमीरपुर, गरीब दास कटोच (66) सुपुत्र रूमि राम, गांव थाना, डाकघर थाना बजूरी, तहसील बमसन, (टौणी देवी) जिला हमीरपुर ने निर्दलीय प्रत्याशियों के रूप में और अरूण अंकेश स्याल (34) सुपुत्र हीरा लाल स्याल, गांव रज़ोल, डाकघर गूमर, तहसील देहरा गोपीपुर, जिला कांगड़ा ने एकम स्नातन भारत दल के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। प्रवक्ता ने बताया कि नामांकन के तीसरे दिन लाहौल-स्पिति विधानसभा क्षेत्र से रवि ठाकुर (62) सुपुत्र निहाल चन्द ठाकुर, गांव व डाकघर गेमुर, तहसील लाहौल, जिला लाहौल-स्पिति ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। जिला ऊना के कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से राजीव शर्मा (40) सुपुत्र देश राज शर्मा, गांव घडोह, डाकघर व तहसील बंगाणा, जिला ऊना ने निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में अपना नामांकन दाखिल किया। विधानसभा क्षेत्र गगरेट, बड़सर, धर्मशाला तथा सुजानपुर से आज कोई नामांकन दर्ज नहीं किया गया।

मंडी संसदीय क्षेत्र से तीसरे दिन दो नामांकन दाखिल

मंडी (जगमार्ग न्यूज)। 2-मंडी संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव के लिए आज दो उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए । यह जानकारी निर्वाचन अधिकारी 2-मंडी संसदीय क्षेत्र, अपूर्व देवगन ने देते हुए बताया कि विक्रमादित्य सिंह, आयु 34 वर्ष, पुत्र वीरभद्र सिंह, पदम पैलेस, रामपुर, जिला शिमला ने इंडियन नेशनल कांग्रेस तथा सुन्दर सिंह ठाकुर आयु 59 वर्ष, पुत्र जोग ध्यान ठाकुर, गांव तेगुबेहड़, डाकघर खेखन, तहसील भुन्तर जिला कुल्लू ने भी इंडियन नेशनल कांग्रेस की ओर से कवरिंग उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन पत्र उनके समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि अब तक 2-मंडी संसदीय क्षेत्र से कुल पांच उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र प्रस्तुत किए हैं।

नामांकन के तीसरे दिन शिमला संसदीय क्षेत्र से एक उम्मीदवार ने किया नामांकन: अनुपम कश्यप

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। रिटर्निंग अधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शिमला अनुपम कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि 4-शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए नामांकन के तीसरे दिन आज एक उम्मीदवार ने अपना नामांकन दाखिल किया। यह नामांकन सुरेश कुमार (52) पुत्र अमर सिंह, हाउस नम्बर 163/11 मौहला राम दासिया नाहन, जिला सिरमौर ने राष्ट्रीय देवभूमि पार्टी से दाखिल किया है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिए उम्मीदवार 14 मई, 2024 को अपराहन 3 बजे तक अपना नामांकन दर्ज कर सकते हैं। गौरतलब है कि इससे पूर्व नामांकन के पहले दिन शिमला संसदीय क्षेत्र के लिए एक नामांकन दाखिल किया गया था और अभी तक कुल दो नामांकन दर्ज हुए हैं।

कलयुगी चाचा ने परिवार पर चलाई गोलियां, तीन लोग घायल

शिमला (जगमार्ग न्यूज)। हिमाचल प्रदेश में ठियोग उपमंडल के मतियाना में भूमि विवाद गोलीकांड